7. विधिलिङ् लकार नश् धातु चाहिए के अर्थ में

पुरुषः	**एकवचनम्**	**द्विवचनम्**	**बहुवचनम्**
प्रथम पुरुष	नश्येत्	नश्येताम्	नश्येयुः
मध्यम पुरुष	नश्ये	नश्येतम्	नश्येत
उत्तम पुरुष	नश्येयम्	नश्येव	नश्येम

त्यज् धातु

लट् लकार

पुरुषः	**एकवचनम्**	**द्विवचनम्**	**बहुवचनम्**
प्रथम पुरुषः	त्यजति	त्यजतः	त्यजन्ति
मध्यम पुरुषः	त्यजसि	त्यजथः	त्यजथ
उत्तम पुरुषः	त्यजामि	त्यजाकः	त्यजामः

लोट् लकार

पुरुषः	**एकवचनम्**	**द्विवचनम्**	**बहुवचनम्**
प्रथम पुरुषः	त्यजतु	त्यजताम्	त्यजन्तु
मध्यम पुरुषः	त्यज	त्यजतम्	त्यजत
उत्तम पुरुषः	त्यजानि	त्यजाव	त्यजाम

लृट् लकार

पुरुषः	**एकवचनम्**	**द्विवचनम्**	**बहुवचनम्**
प्रथम पुरुषः	त्यक्ष्यति	त्यक्ष्यतः	त्यक्ष्यन्ति
मध्यम पुरुषः	त्यक्ष्यसि	त्यक्ष्यथः	त्यक्ष्यथ
उत्तम पुरुषः	त्यक्ष्यामि	त्यक्ष्यावः	त्यक्ष्यामः

लङ् लकार

पुरुषः	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
प्रथम पुरुषः	अत्यजत्	अत्यजताम्	अत्यजन्
मध्यम पुरुषः	अत्यजः	अत्यजतम्	अत्यजत
उत्तम पुरुषः	अत्यजम्	अत्यजाव	अत्यजाम

विधिलिङ् लकार

पुरुषः	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
प्रथम पुरुषः	त्यजेत्	त्यजेताम्	त्यजेयुः
मध्यम पुरुषः	त्यजेः	त्यजेतम्	त्यजेत
उत्तम पुरुषः	त्यजेयम्	त्यजेव	त्यजेम

प्रच्छ् (पूछना)

लट् लक लकार (वर्तमान काल)

पुरुषः	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
प्रथम पुरुष	पृच्छति	पृच्छतः	पृच्छन्ति
मध्यम पुरुष	पृच्छसि	पृच्छथः	पुच्छथ
उत्तम पुरुष	पृच्छामि	पुच्छावः	पृच्छामः

लङ् लकार (भूतकाल)

पुरुषः	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
प्रथम पुरुष	अपृच्छत्	अपृच्छताम्	अपृच्छन्
मध्यम पुरुष	अपृच्छः	अपृच्छतम्	अपृच्छत
उत्तम पुरुष	अपृच्छम्	अपृच्छाव	अपृच्छाम

लृट् लकार (भविष्यत् काल)

पुरुषः	**एकवचनम्**	**द्विवचनम्**	**बहुवचनम्**
प्रथम पुरुष	प्रक्ष्यति	प्रक्ष्यतः	प्रक्ष्यन्ति
मध्यम पुरुष	प्रक्ष्यसि	प्रक्ष्यथः	प्रक्ष्यथ
उत्तम पुरुष	प्रक्ष्यामि	प्रक्ष्यावः	प्रक्ष्यामः

लोट् लकार (आज्ञा, प्रार्थना)

पुरुषः	**एकवचनम्**	**द्विवचनम्**	**बहुवचनम्**
प्रथम पुरुष	पृच्छतु	पृच्छताम्	पृच्छन्तु
मध्यम पुरुष	पृच्छ	पृच्छतम्	पृच्छत
उत्तम पुरुष	पृच्छानि	पृच्छाव	पुच्छाम

विधिलिङ् (चाहिए के प्रयोग में)

पुरुषः	**एकवचनम्**	**द्विवचनम्**	**बहुवचनम्**
प्रथम पुरुष	पृच्छेत्	पृच्छेताम्	पृच्छेयुः
मध्यम पुरुष	पृच्छेः	पृच्छेतम्	पृच्छेत
उत्तम पुरुष	पृच्छेयम्	पृच्छेव	पृच्छेम

वस् थातु के रूप – परस्मैपद

1. लट् लकार (वर्तमान काल)

पुरुषः	**एकवचनम्**	**द्विवचनम्**	**बहुवचनम्**
प्रथम पुरुष	वसति	वसतः	वसन्ति
मध्यम पुरुष	वससि	वसथः	वसथ

उत्तम पुरुष	वसामि	वसावः	वसामः

2. लृट् लकार (भविष्यत काल)

पुरुषः	**एकवचनम्**	**द्विवचनम्**	**बहुवचनम्**
प्रथम पुरुष	वत्स्यति	वत्स्यतः	वत्स्यन्ति
मध्यम पुरुष	वत्स्यसि	वत्स्यथः	वत्स्यथ
उत्तम पुरुष	वत्स्यामि	वत्स्यावः	वत्स्यामः

3. लङ् लकार (भूतकाल)

पुरुषः	**एकवचनम्**	**द्विवचनम्**	**बहुवचनम्**
प्रथम पुरुष	अवसत्	अवसताम्	अवसन्
मध्यम पुरुष	अवसः	अवसतम्	अवसत
उत्तम पुरुष	अवसम्	अवसाव	अवसाम

4. लोट् लकार (आज्ञा के अर्थ में)

पुरुषः	**एकवचनम्**	**द्विवचनम्**	**बहुवचनम्**
प्रथम पुरुष	वसतु	वसताम्	वसन्तु
मध्यम पुरुष	वस	वसतम्	वसत
उत्तम पुरुष	वसानि	वसाव	वसाम

5. विधिलिङ् लकार (चाहिए के अर्थ में)

पुरुषः	**एकवचनम्**	**द्विवचनम्**	**बहुवचनम्**
प्रथम पुरुष	वसेत्	वसेताम्	वसेयुः

मध्यम पुरुष	वसेः	वसेतम्	वसेत
उत्तम पुरुष	वसेयम्	वसेव	वसेम

आत्मनेपदी–धातुरूपाणि

21. सेव् (सेवा करना)

लट्लकारः (वर्तमान काल)

पुरुषः	**एकवचनम्**	**द्विवचनम्**	**बहुवचनम्**
प्रथम पुरुषः	सेवते	सेवेते	सेवन्ते
मध्यम पुरुषः	सेवसे	सेवेर्थ	सेवर्ध्व
उत्तम पुरुषः	सेवे	सेवावहे	वेवामहे

22. लभ् (प्राप्त करना)

लृट्लकारः (वर्तमान काल)

पुरुषः	**एकवचनम्**	**द्विवचनम्**	**बहुवचनम्**
प्रथम पुरुषः	लभते	लभेते	लभन्ते
मध्यम पुरुषः	लभसे	लभेथे	लभध्वे
उत्तम पुरुषः	लभे	लभावहे	लभामहे

वृत् (होना–रहना)

लट् लकार (वर्तमान काल)

पुरुषः	**एकवचनम्**	**द्विवचनम्**	**बहुवचनम्**
प्रथम पुरुष	वर्तते	वर्तेते	वर्तन्ते

मध्यम पुरुष	वर्तसे	वर्तेथे	वर्तध्वे
उत्तम पुरुष	वर्ते	वर्तावहे	वर्तामहे

मुद् धातु – आनंदित होना

लट् लकार (वर्तमान काल)

पुरुषः	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
प्रथम पुरुष	मोदते	मोदेते	मोदन्ते
मध्यम पुरुष	मोदसे	मोठेथे	मोदध्वे
उत्तम पुरुष	मोदे	मोदावहे	मोदामहे

1. लट् लकार (वर्तमान काल)

पुरुषः	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
प्रथम पुरुष	शोभते	शोभेते	शोभन्ते
मध्यम पुरुष	शोभसे	शोभेथे	शोभध्वे
उत्तम पुरुष	शोभे	शोभावहे	शोभामहे

3.नैतिक शिक्षा

(क) श्लोकाः –

क)

केयूराणि न भूषयन्ति पुरुषं हारा न चन्द्रोज्ज्वलाः

न स्नानं न विलेपनं न कुसुमं नालङ्कृताः मूर्धजाः।

वाण्येका समलङ्करोति पुरुषं या संस्कृता धार्यते,

क्षीयन्ते खलु भूषणानि सततं वाग्भूषणं भूषणम्।।

अन्वयः–

केयूराणि पुरुषं न भूषयन्ति चन्द्रोज्ज्वला : हाराः, न स्नानं, न विलेपनं, न..............................कुसुमं, न अलङ्कृताः मूर्धजाः (भूषयन्ति) । अपितु) एका वाणी पुरुषं समलङ्करोति या संस्कृता धार्यते। भूषणानि खलु क्षीयन्ते (परं) वाग्भूषणं सततं भूषणं (तिष्ठति) ।

अर्थः–

पुरुष को न बाजूबन्द, न चन्द्रमा के समान चमकते हुए हार, न स्नान, न लेप (चन्दनादि) न फूल और न ही सजाये हुए बाल सुशोभित करते हैं बल्कि केवल एक संस्कारित वाणी ही पुरुष को अलकङ्कृत करती हैं। आभूषण तो निश्चय ही नष्ट हो जाते हैं लेकिन वाणी रूपी आभूषण तो हमेशा रहते हैं।

भावार्थः– पुरुषं न तु केयूराणि, न शशिना समं उज्ज्वलाः हाराः, न स्नानं नचन्दनलेपनं, न कुसुमं, न सज्जिताः केशाः अलङ्कुर्वन्ति । एका सुसंस्कृता वाणी एव पुरुषं अलङ्करोति । सामान्यभूषणानि तु क्षीयन्ते परं वाग्भूषणं सततं तिष्ठति।

ख)

रे रे चातक ! सावधानमनसा मित्र ! क्षणं श्रूयता–,

मम्भोदा बहवो वसन्ति गगने सर्वेऽपि नैतादृशाः।

केचिद् वृष्टिभिरार्द्रयन्ति वसुधां गर्जन्ति केचिद्वृथा,

यं यं पश्यसि तस्य तस्य पुरतो मा ब्रूहि दीनं वचः।।

अन्वयः– रे रे मित्र ! चातक ! क्षणं सावधानमनसा श्रूयताम्, गगने बहवः अम्भोदाः वसन्ति, (परं) सर्वे एतादृशाः न केचिद वसुधां वृष्टिभिः आर्द्रयन्ति, केचिद वृथा गर्जन्ति । (त्वं) यं यं पश्यसि तस्य तस्य पुरतः दीनं वचः मा ब्रूहि ।

अर्थः – हे मित्र! चातक ! सावधान मन से थोड़ी देर सुनो। आकाश में अनेक बादल रहते हैं पर सभी एक जैसे नहीं हैं। कुछ वर्षा से पृथ्वी को गीला कर देते हैं कुछ व्यर्थ ही गर्जते हैं। तुम जिस जिसको देखते हो उस उसके सामने दीन वचन मत बोलो

भावार्थः – हे मित्र ! क्षणं सावधान मनसा श्रृणोतु –आकाशे अनेके मेघाः भवन्ति परन्तु ते सर्वे समानाः न भवन्ति। केचिद् वर्षाभिः भूमिं सिञ्चन्ति च व्यर्थम् एव गर्जन्ति । हे मित्र ! त्वं सर्वेषां पुरतः याचनां मा कुरु।

ग)

विपदि धैर्यमथाभ्युदये क्षमा,

सदसि वाक्पटुता युधि विक्रमः ।

यशसि चाभिरुर्व्यिसनं श्रुतौ,

प्रकृतिसिद्धमिदं हि महात्मनाम्।।

अन्वयः – विपदि धैर्यम्, अथ अभ्युदये क्षमा सदसि वाक्पटुता, युधि विक्रमः, यशसि अभिरुचिः 'श्रुतौ व्यसनम् महात्मनाम् इदं प्रकृतिसिद्धम् (भवति) ।

अर्थः– विपत्ति में धैर्य, उन्नति में क्षमा, सभा में बोलने की चतुराई, युद्ध में बहादुरी, यश पाने की इच्छा या प्रेम, वेदों या शास्त्रों के अध्ययन में लगन, ये सभी गुण महान् लोगों में स्वभाव से ही प्राप्त होते हैं।

भावार्थः– इमे षड्गुणाः –संकटे धैर्यं, समृद्धौ क्षमा, सभायां वाक्चातुर्यं, युधि वीरता, यशसि रुचिः, वेदशास्त्रेषु पठनरुचिः च महापुरुषाणां प्रकृतिसिद्धम् (स्वभावः) भवन्ति ।

घ.)

येषां न विद्या न तपो न दानं,

ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः।

ते मृत्युलोके भुति भारभूताः,

मनुष्यरूपेण मृगाश्चन्ति।।

अन्वयः–

येषां न विद्या, न तपः न दानं, ज्ञानं न, शीलं न गुणः न,धर्मः, शीलं न, गुणः न धर्मः न (भवन्ति), ते मृत्युलोके भुवि भारभूताः मनुष्यरूपेण (च) मृगाः चरन्ति ।

अर्थ :–जिनके पास धर्म नहीं, तप नहीं, दान नहीं ज्ञान नहीं, सदाचार नहीं, गुण नहीं, धर्म नहीं वे लोग इस मृत्युलोक की पृथ्वी पर बोझ के समान हैं मनुष्य के रूप में जानवर (हिरणों की तरह) विचरण करते हैं ।

भावार्थः– येषां जनानां पार्श्वे न विद्या, न तपः न दानं, न ज्ञानं, न शीलं, न गुणः, न धर्मः भवति, ते जनाः मृत्युलोकस्य धरायां भाररूपेण सन्ति, ये मनुष्यरूपेण हरिणाः इव इतस्ततः विचरन्ति।

ङ)

सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदम् ।

वृणुते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव सम्पदः।।

अन्वयः— सहसा क्रियां न विदधीत,अविवेकः परम् आपदां पदम् । हि गुणलुब्धाः, सम्पदः विमृश्यकारिणं स्वयम् एव वृणुते ।

अर्थः—किसी कार्य को अचानक नहीं करना चाहिए, विवेकहीनता आपदाओं का परम स्थान होती है क्योंकि गुणों की लोभी सम्पदाएं, विचार कर कार्य करने वाले को स्वयं ही वरण कर लेती हैं, अर्थात् उसके पास चली जाती हैं।

भावार्थः — किमपि कार्यं सहसा न करणीयम्, यतो हि अविवेकः परमविपदानां स्थानं भवति। हि गुणानां लुब्धाः सम्पदः विमृश्यकारिणं स्वयमेव वृणुते।

पठनं लेखनञ्च (अभ्यासः)—

1. अधोलिखितानां सर्वेषां श्लोकानां मिलित्वा सस्वरम् उच्चारणं कुरुत—

(क) केयूराणि न .... वाग्भूषणं भूषणम् ।

ख) रे रे चातक!...ब्रूहि दीनं वचः।

(ग) विपदि धैर्यमथाभ्युदये..............................हि महात्मनाम्।।

2—बालाः! अत्र केचन प्रश्नाः प्रदत्ताः सन्ति, एतेषाम् उत्तराणि एकपदेन लिखत —

क) पुरुष कानि न भूषयन्ति ?

ख) कीदृशी वाणी पुरुषं समलङ्करोति ?

ग) केचित् मेघाः वृष्टिभिः काम् आर्द्रयन्ति ?

घ) मृत्युलोके भुवि के भारभूताः सन्ति ?

3– समुचितं मेलनं क्रियताम् –

क) भुवि	i) सभायाम्
ख) वृणुते	ii) भूमौ
ग) गगने	iii) वरणं करोति
घ) अम्भोदाः	iv) आकाशे
ङ) सदसि	v) मेघाः

4– अधोलिखितयोः श्लोकयोः भावार्थं लिखत –

(क) विपदि धैर्यमथाभ्युदये................................ हि महात्मनाम् ।।

(ख) येषां न विद्या न......................................मृगाश्चरन्ति।

(ग) – रचनात्मकं कार्यम्

1– एकपदेन उत्तरत–

(क) किं भूषणं सततम् अस्ति ?

(ख) पुरुषं का एका समलंकरोति ?

(ग) सदसि किं भूयात् ?

(घ) अभिरुचिः कुत्र भवेत् ?

(ङ) सहसा किं न कुर्यात् ?

(ख) प्रसिद्धसंस्थानाम् आदर्शवाक्यानि –

ध्येय–वाक्य या आदर्श वाक्य संस्था के कर्मचारियों या सदस्यों को उनके लक्ष्य की याद दिलाते हैं। यह एक ऐसा छोटा और प्रभावशाली वाक्यांश होता है, जो उस संस्था के मुख्य उद्देश्यों, आदर्शों और उसकी कार्य संस्कृति को दर्शाता है। सरकारी या गैर सरकारी प्रायः अपनी संस्था के लिए एक आदर्श वाक्य का निर्धारण करती हैं। इसे ध्येयवाक्य (Motto) भी कहते हैं। यह वाक्य संस्था के परिचय का सार बन जाता है। भारत की प्रचलित कुछ संस्थाओं के आदर्श वाक्य इस प्रकार हैं–

1– **नभः स्पृशं दीप्तम्** –श्रीमद्भगवद्गीता (11.24)– अर्थात् 'आकाश को छूते हुए दीप्तिमान् (तेजस्वी) होना।' यह संस्कृत वाक्यांश श्रीमद्भगवद्गीता के ग्यारहवें अध्याय के २४ वें श्लोक से लिया गया है। महाभारत के युद्ध के दौरान कुरुक्षेत्र में भगवान् कृष्ण ने अपना विराट् रूप दिखाते हुए अर्जुन को यह उपदेश दिया था। भारतीय वायु सेना (Indian Air force)का यह आदर्श वाक्य है।

2–**शं नो वरुणः**– –तैत्तिरीय उपनिषद (1.1.1 का मन्त्रांश) अर्थात् 'जल के देवता वरुण हमारे लिए मंगलकारी (शुभ) हों।' भारतीय नौ सेना (Indian Navy) का यह आदर्श वाक्य है।

3– **सेवा अस्माकं धर्मः** ––यह श्रीमद्भगवद्गीता के निष्काम कर्मयोग से प्रेरित संस्कृत सूक्ति है। इसका अर्थ होता है– सेवा हमारा धर्म है। भारतीय थल सेना(Indian Army) का यह ध्येय वाक्य है।

4– **श्रम एव जयते**––यह संस्कृत शास्त्रों में वर्णित पुरुषार्थ और परिश्रम पर केन्द्रित मुण्डकोपनिषद् के 'सत्यमेव जयते' के समान बनायी गयी एक सूक्ति है। इसका अर्थ है– श्रम की ही विजय होती है। श्रम और रोजगार मन्त्रालय (Ministry of Labour & Employment)का यह ध्येय वाक्य है।

5– **वयं रक्षामः**––यह संस्कृत शास्त्रों में उद्धृत श्लोकों से आशय ले कर बनायी गयी सूक्ति है। इसका अर्थ होता है 'हम आपकी रक्षा करते हैं।' भारतीय तट रक्षक बल (Indian coast Guard)का यह ध्येयवाक्य है।

6– **सत्यं शिवं सुन्दरम्**– यह संस्कृत उपनिषद् और वेदान्त के आशय पर आधारित बनायी गयी सूक्ति है। जिसका अर्थ होता है–'जो सत्य है, वही शिव (कल्याणकारी) है, और वही सुंदर है।' भारत के दूरदर्शन (Doordarshan) का यह ध्येयवाक्य है।

7– **शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्** – कुमारसंभवम् (5.33) इसका अर्थ है–शरीर ही सभी धर्मों (कर्तव्यों) को पूरा करने का पहला और सबसे महत्त्वपूर्ण साधन है। स्वास्थ्य आयुष मन्त्रालय (Helth Ministry)का यह ध्येयवाक्य है।

8– **योगः कर्मसु कौशलम्** –श्रीमद्भगवद्गीता (2–50 का अंश)। इसका अर्थ है–'कर्मों में कुशलता (या निपुणता) ही योग है।' आई आई टी खड़गपुर I.I.T- kharag pur का यह ध्येयवाक्य है।

अभ्यासः–

(1) रिक्त स्थान भरें:

'सेवा अस्माकं ––––––––––।'

वयं ––––––––––।'

सत्यं शिवं ––––––––––।'

शरीरमाद्यं खलु ––––––––––।'

योगः –––––––––– कौशलम् ।'

(2)भारत के आई आई टी खड़गपुर का ध्येय वाक्य क्या है?

शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्

वयं रक्षामः

योगः कर्मसु कौशलम्

सत्यं शिवं सुन्दरम्

(3)अर्थ स्पष्ट करें: 'योगः कर्मसु कौशलम्' का वास्तविक तात्पर्य क्या है?

योग में कर्म नहीं होता है।

कर्म और योग पर्यायवाची हैं।

कर्मों में कुशलता (या निपुणता) ही योग है।

कौशल काम न करके योग करता है।

(4)रिक्त स्थान भरें: '–––––––––खलु धर्मसाधनम्।'

अधर्मम्

शरीरमाद्यम्

प्रसन्नः खलः

शरीरम् पश्चात्

(5)भारतीय तट रक्षक बल का ध्येय वाक्य 'वयं रक्षामः' किस भावना को व्यक्त करता है?

हमारी रक्षा करो।

हम आपकी रक्षा करते हैं।

रक्षा करने के लिए जागो

किसकी रक्षा करें।

(6)भारतीय वायु सेना के ध्येय वाक्य ' नभः स्पृशं दीप्तम्' का स्रोत क्या है?

मुण्डकोपनिषद्

रामचरितमानस

श्रीमद्भगवद्गीता

ऋग्वेद

(1)श्रम एवं रोजगार मन्त्रालय के ध्येयवाक्य में कौन–सा वाक्य है?

असतो मा सद्गमय

श्रम एव जयते

वयं रक्षामः

अहर्निशं सेवामहे

4. भारतीय ज्ञान–परम्परा

(क) वैदिकसाहित्यस्य परिचयात्मकं ज्ञानम्–

1.व्याकरणशास्त्रम्

पाणिनि

महर्षि पाणिनि संस्कृत व्याकरण के महान् वैयाकरण और भाषाविद् हैं। इन्हें 'संस्कृत व्याकरण का जनक भी माना जाता है। उनके द्वारा रचित 'अष्टाध्यायी' संस्कृत भाषा को वैज्ञानिक रूप देने वाला प्रमुख ग्रंथ है। पाणिनि का जन्म उत्तर–पश्चिम भारत (तत्कालीन गांधार) में काबुल और सिंधु नदी के संगम के पास 'शालातुर' नामक गाँव में हुआ था। इसी कारण उन्हें 'शालातुरीय' भी कहा जाता है। विद्वानों के अनुसार उनका समय लगभग 500 ईसा पूर्व माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि उनके पिता का नाम 'पाणिन' और माता 'दाक्षी' थी, इसलिए इन्हें 'दाक्षीपुत्र' भी कहा जाता है। उन्होंने विश्व प्रसिद्ध तक्षशिला विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी।

पाणिनि की प्रसिद्धि का मुख्य आधार उनका ग्रंथ 'अष्टाध्यायी' है। इसमें 8 अध्याय हैं और प्रत्येक अध्याय में 4 पाद (चरण) हैं। कुल मिलाकर इसमें लगभग 4,000 सूत्र हैं। यह ग्रंथ संस्कृत के ध्वनि विज्ञान शब्द निर्माण और वाक्य रचना को पूरी तरह वैज्ञानिक ढंग से परिभाषित करता है। इसके सूत्र इतने सारगर्भित और वैज्ञानिक हैं कि आधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग में भी उनका उपयोग किया जाता है। इन्होंने संस्कृत को एक स्थिर और व्यवस्थित रूप प्रदान किया, जिससे यह भाषा 'देववाणी' के रूप में चिरस्थायी बनी।

कात्यायन

वररुचि कात्यायन, पाणिनीय सूत्रों के प्रसिद्ध वार्तिककार हैं। संस्कृत व्याकरण की परंपरा में 'मुनि–त्रय' (तीन प्रमुख मुनियों) में से कात्यायन को एक प्रमुख आचार्य माना जाता है। कात्यायन को मुख्य रूप से उनके 'वार्तिक' के लिए जाना जाता है। पाणिनि ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'अष्टाध्यायी' लिखी थी। समय बीतने के साथ भाषा में जो बदलाव आए, उन्हें समझाने और पाणिनि के सूत्रों की और गहराई से व्याख्या करने के लिए कात्यायन ने 'वार्तिक' लिखे। उन्होंने पाणिनीय अष्टाध्यायी के सूत्रों में आए अनुक्त (जो नहीं कहा गया) और दुरुक्त (जो गलत कहा गया) विषयों की समीक्षा की, जिसे 'वार्तिक' कहा जाता है। उन्होंने पाणिनि के लगभग 1,500 सूत्रों पर अपने विचार प्रस्तुत किए ताकि व्याकरण को और अधिक सटीक बनाया जा सके।

इनका समय विद्वानों के अनुसार लगभग तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व माना जाता है। कई स्थानों पर उन्हें 'वररुचि' के नाम से भी संबोधित किया गया है। कात्यायन के वार्तिकों के बिना पाणिनीय व्याकरण अधूरा माना जाता है।

पतञ्जलि

महर्षि पतञ्जलि को भारतीय दर्शन, योग और आयुर्वेद के महान् आचार्य के रूप में जाना जाता है। इन्हें योगसूत्र का संकलनकर्ता भी माना जाता है। इनका जन्म गोनर्द (वर्तमान गोंडा, उत्तर प्रदेश) में हुआ था, लेकिन वे काशी में बस गए थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार, वे शेषनाग के अवतार हैं जो अपनी माता गोणिका की अंजलि में प्रकट हुए थे, इसीलिए उनका नाम पतंजलि (पतत् + अंजलि) पड़ा।

अधिकांश विद्वान् उनका समय ईसा पूर्व दूसरी शताब्दी (200–150 BC) मानते है। वे राजा पुष्यमित्र शुंग के समकालीन माने जाते हैं।

उन्होंने मनुष्य को 'शरीर, वाणी और मन' की शुद्धि के लिए तीन अलग–अलग शास्त्र प्रदान किए।

मन की शुद्धि के लिए उन्होंने 'योग सूत्र' की रचना की। योग के आठ अंगों का वर्णन किया– यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। पतंजलि को 'योग का जनक' भी माना जाता है।

महर्षि पतंजलि योग के साथ–साथ व्याकरणशास्त्र और आयुर्वेदशास्त्र के भी प्रतिपादक हैं। वाणी की शुद्धि के लिए उन्होंने पाणिनी की अष्टाध्यायी पर 'महाभाष्य' लिखा, जो संस्कृत व्याकरण का एक महान् ग्रंथ है। इसमें उन्होंने पाणिनीय सूत्रों तथा उन पर लिखे गये वार्तिकों का विवेचन किया, और साथ ही साथ अपने इष्टि–वाक्यों का भी समावेश किया। महाभाष्य में 86 आह्निक हैं।

शरीर की शुद्धि के लिए उन्होंने आयुर्वेद शास्त्र को विस्तार प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

योगेन चित्तस्य पदेन वाचां मलं शरीरस्य च वैद्यकेन।

योऽपाकरोत्तं प्रवरं मुनीनां पतञ्जलिं प्राञ्जलिरानतोऽस्मि।।

2.आयुर्वेदशास्त्रम्

चरक

महर्षि चरक प्राचीन भारत के एक महान् आयुर्वेद के ज्ञाता और चिकित्सक थे। उन्हें 'आयुर्वेद के पितामह' के रूप में जाना जाता है।

चरक का जन्म ईसा से लगभग 300 वर्ष पूर्व माना जाता है, और कुछ विद्वानों के अनुसार वे कुषाण राजा कनिष्क के दरबारी चिकित्सक थे। उनका जन्म स्थान कश्मीर के पास बताया जाता है। उनकी शिक्षा तक्षशिला में हुई मानी जाती है। 'चरक' का अर्थ है 'भ्रमण करने वाला'। वे स्थान–स्थान पर जाकर मरीजों का इलाज करते थे और चिकित्सा ज्ञान का प्रसार करते थे।

उन्होंने आयुर्वेद के बिखरे हुए ज्ञान को एकत्रित कर 'चरक संहिता' नामक ग्रंथ लिखा। यह आठ भागों में विभाजित है, जिसमें 120 अध्याय हैं और शरीर रचना, रोग निदान, चिकित्सा, औषधीय जड़ी–बूटियों व आहार–विहार का विस्तृत वर्णन है। यह ग्रंथ आज भी चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में एक प्रमाण माना जाता है।

महर्षि चरक ने स्पष्ट किया था कि शरीर में बीमारियों का मुख्य कारण वात, पित्त और कफ (त्रिदोष) का असंतुलन है। उन्होंने स्वास्थ्य के लिए तीन स्तंभों को आवश्यक बतायारू

- उचित आहार
- निद्रा
- ब्रह्मचर्य

सुश्रुत

महर्षि सुश्रुत प्राचीन भारत के एक महान् चिकित्सा शास्त्री और शल्य चिकित्सक थे। उन्हें दुनिया का 'शल्य चिकित्सा का जनक' माना जाता है।

सुश्रुत का काल लगभग 600 ईसा पूर्व (छठी–सातवीं शताब्दी ईसा पूर्व) माना जाता है और वे काशी (वाराणसी) में गंगा के किनारे निवास करते थे। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सुश्रुत ऋषि विश्वामित्र के पुत्र थे और उन्होंने काशी के राजा और भगवान् धनवंतरी के अवतार, देवोदास से चिकित्सा की शिक्षा प्राप्त की थी।

योगदान और विशेषता

- सुश्रुत संहिता– यह आयुर्वेद का एक महान ग्रंथ है, जिसमें शल्य–चिकित्सा, शालक्य–तंत्र, प्रसूति–विज्ञान और अस्थि–चिकित्सा का विस्तृत विवरण है।

- प्लास्टिक सर्जरी– सुश्रुत ने कटी हुई नाक को फिर से जोड़ने की तकनीक विकसित की, जिसके कारण उन्हें कॉस्मेटिक सर्जरी का जनक कहा जाता है।

- शल्य उपकरण– उन्होंने 100 से अधिक प्रकार के शल्य उपकरण विकसित किए, जो आज के आधुनिक उपकरणों के समान ही सूक्ष्म और प्रभावी थे।

3.नाट्यशास्त्रम्

भरतमुनि

भरतमुनि भारतीय नाट्यशास्त्र और काव्यशास्त्र के सबसे महान् और आदि आचार्य हैं। उन्हें 'नाट्यशास्त्र' का प्रणेता कहा जाता है, जो नाटक, संगीत, नृत्य और अभिनय की कला का विश्व का सबसे प्राचीन और विस्तृत ग्रंथ है। 'नाट्यशास्त्र' को 'पंचम वेद' भी कहा जाता है। मान्यता है कि ब्रह्मा जी ने चारों वेदों से तत्व लेकर नाट्यवेद बनाया और इसे भरतमुनि को प्रदान किया, ताकि वे पृथ्वी पर नाट्य कला का प्रचार कर सकें। 'नाट्यशास्त्र' में 36 या 37 अध्याय और लगभग 5000 श्लोक हैं। इसमें नाटक, संगीत, छंद, अलंकार और नृत्य का विस्तार से वर्णन है।

भरतमुनि के निश्चित समय के बारे में विद्वानों में मतभेद है, लेकिन अधिकांश विद्वान उनका समय ईसा पूर्व 500 से 100 ईस्वी के बीच मानते हैं।

भरतमुनि ने 'नाट्यशास्त्र' में नाटक के हर पक्ष पर विस्तार से चर्चा की हैरू

- अभिनय– आंगिक (शरीर से), वाचिक (वाणी से), आहार्य (वेशभूषा) और सात्विक (मानसिक)।
- मंच निर्माणरू नाटक खेलने के लिए रंगमंच कैसा होना चाहिए।
- संगीत और वाद्य– नाटक में संगीत और वाद्य यंत्रों का उपयोग।

भास

महाकवि भास संस्कृत साहित्य के सबसे प्राचीन नाटककारों में से एक हैं। भास का निश्चित समय अज्ञात है, लेकिन वे कालिदास (प्रथम शताब्दी ई.पू. या दूसरी शताब्दी ईस्वी) से पहले के माने जाते हैं, संभवतः ईसा पूर्व चौथी–पांचवीं शताब्दी या उससे पूर्व। कालिदास ने अपने नाटकों में भास का अत्यंत सम्मान के साथ उल्लेख किया है। उनका जन्मस्थान भी अज्ञात है, लेकिन उनके नाटकों में उज्जयिनी और मगध का सजीव वर्णन है, जिससे उनका इन क्षेत्रों से संबंध प्रतीत होता हैं।

भास मुख्य रूप से राजा उदयन की कथाओं, रामायण और महाभारत पर आधारित 13 नाटकों (भास–नाटक–चक्रम्) के रचयिता के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनके नाटकों की खोज 1912 में टी. गणपति शास्त्री ने की थी।

- प्रमुख त्रयोदश नाटक(रूपक)

1. स्वप्नवासवदत्तम् (सबसे प्रसिद्ध)
2. प्रतिज्ञायौगन्धरायण
3. दरिद्र चारुदत्त

4. अविमारक

5. प्रतिमा नाटक

6. अभिषेक नाटक

7. बालचरित

8. पंचरात्र

9. मध्यमव्यायोग

10. दूतवाक्य

11. दूतघटोत्कच

12. कर्णभार

13. ऊरुभङ्ग

भास की शैली सरल, ओजपूर्ण और स्वाभाविक है।

कालिदास

संस्कृत साहित्य जगत् में महाकवि कालिदास का स्थान सर्वोपरि हैं । इन्हें 'भारत का शेक्सपियर' भी कहा जाता है। कालिदास के जन्म स्थान और समय के बारे में विद्वानों में मतभेद है, लेकिन अधिकांश उन्हें राजा विक्रमादित्य के नवरत्नों में से एक मानते हैं। अनेक स्रोतों के अध्ययन से यह पता चलता है कि उनका जन्म ईसा पूर्व प्रथम शताब्दी से ईसा पश्चात् चतुर्थ शताब्दी के मध्य में हुआ था। जन्म स्थान के विषय में उनके ग्रंथों के आधार पर कुछ विद्वान् उन्हें उज्जैन, कुछ कश्मीर और कुछ उत्तराखंड का मानते हैं। उनके लेखन में उज्जैन का सुंदर वर्णन भी मिलता है। वे परम शिव भक्त थे। उनका विवाह विद्योतमा से हुआ था।

कालिदास ने कुल सात प्रसिद्ध ग्रंथों की रचना की है, जो अपनी सुंदर, सरस और सरल भाषा के लिए जाने जाते हैं। उनकी रचनाओं में तीन नाटक, दो महाकाव्य और दो खण्डकाव्य शामिल हैं–

- नाटक– अभिज्ञानशाकुंतलम् , मालविकाग्निमित्रम्, और विक्रमोर्वशीयम्।
- महाकाव्य– रघुवंशम् और कुमारसंभवम्।
- गीतिकाव्य खण्डकाव्य– मेघदूतम् और ऋतुसंहारम्।

कालिदास काव्य में 'उपमा अलंकार' के प्रयोग के लिए विश्वप्रसिद्ध हैं। उनकी रचनाओं में प्रकृति का सुमनोहर वर्णन मिलता है।

शूद्रक

शूद्रक प्राचीन भारत के एक महान् नाटककार और राजा थे। उन्हें मुख्य रूप से उनके कालजयी नाटक 'मृच्छकटिकम्' (मिट्टी की गाड़ी) के लिए जाना जाता है। मृच्छकटिकम् की प्रस्तावना के अनुसार, शूद्रक एक राजा थे। वे वेदों के ज्ञाता, गणितज्ञ और कला प्रेमी थे। उनके काल को लेकर भी मतभेद हैं, लेकिन अधिकांश इतिहासकार उनका समय प्रथम से पांचवीं शताब्दी ईस्वी के बीच मानते हैं।

शूद्रक कृत मृच्छकटिकम् संस्कृत साहित्य का एक अत्यंत लोकप्रिय नाटक है। इसमें निर्धन ब्राह्मण चारुदत्त और उज्जैन की गणिका वसंतसेना की प्रेम कहानी का अद्भुत चित्रण है।

इनके साहित्य में तत्कालीन समाज, राजनीति और आम जनता का सजीव चित्रण मिलता है। उन्होंने अपने नाटकों में राजा–महाराजाओं की अपेक्षा समाज के मध्यम वर्ग, व्यापारियों और सामान्य लोगों को प्रमुख पात्र बनाया। इस कारण उनके साहित्य में संस्कृत के साथ साथ प्राकृत भाषा का प्रयोग भी मिलता है।

भवभूति

भवभूति संस्कृत साहित्य के महानतम नाटककार और कवि थे, जिन्हें कालिदास के समकक्ष माना जाता है। उनका वास्तविक नाम श्रीकंठ था। 'भवभूति' उनकी पदवी या नाम प्रसिद्ध हुआ और वे अपनी उत्कृष्ट नाट्य शैली तथा अद्भुत चरित्र चित्रण के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

भवभूति का जन्म विदर्भ देश के पद्मपुर (वर्तमान महाराष्ट्र के पूर्वी क्षेत्र) में एक प्रतिष्ठित ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम नीलकंठ और माता का नाम जतुकर्णी था। उनके दादा भट्टगोपाल वेदों के प्रकांड विद्वान् थे। वे कान्यकुब्ज (कन्नौज) के प्रतापी राजा यशोवर्मन के दरबारी कवि थे।

महाकवि भवभूति ने संस्कृत में तीन प्रसिद्ध नाटकों की रचना की –

1. मालतीमाधव – यह दस अंकों का एक अत्यंत लोकप्रिय नाटक है, जिसमें मालती और माधव की प्रेम कथा का वर्णन है।

2. महावीरचरित – इसमें भगवान् श्रीराम के प्रारंभिक जीवन से लेकर रावण वध और उनके राज्याभिषेक तक की घटनाओं का चित्रण किया गया है।

3. उत्तररामचरित – यह भवभूति की सबसे प्रसिद्ध और उत्कृष्ट कृति मानी जाती है, जिसमें श्रीराम के राज्याभिषेक के बाद के जीवन, सीता त्याग और उनके पुनर्मिलन की मार्मिक कथा है।

भवभूति की भाषा गंभीर और ओजपूर्ण है। वे बड़े–बड़े समासयुक्त शब्दों का प्रयोग करते हैं। भवभूति करुण रस के सिद्धहस्त और लोकप्रिय कवि है।

विशाखदत्त

विशाखदत्त संस्कृत साहित्य जगत के अत्यंत प्रसिद्ध और ऐतिहासिक नाटककार हैं। इनका समय संभवतः पाँचवीं से छठी शताब्दी ईस्वी (गुप्त काल) माना जाता है। इनके पिता का नाम महाराज भास्करदत्त (या पृथु) था और इनके दादा का नाम सामंत वटेश्वरदत्त था। विशाखदत्त भगवान् शिव के अनन्य भक्त (शैव) थे, जिसका पता उनके नाटकों के मंगलाचरण से चलता है।

विशाखदत्त को मुख्य रूप से उनके दो महान् नाटकों के लिए जाना जाता है।

मुद्राराक्षस– यह पूरी तरह से वीर रस और राजनीतिक कूटनीति पर आधारित है। इसकी कहानी इस बात पर केंद्रित है कि कैसे आचार्य चाणक्य अपनी बुद्धि की कुशलता से नंद वंश के स्वामीनिष्ठ मंत्री 'राक्षस' को चंद्रगुप्त मौर्य का मंत्री बनने के लिए तैयार करते हैं, ताकि मगध साम्राज्य सुरक्षित हो सके।

देवीचंद्रगुप्तम् – यह नाटक वर्तमान में अपने मूल रूप में पूरी तरह उपलब्ध नहीं है, लेकिन इसके कुछ अंश अन्य ग्रंथों में मिलते हैं।

4.गद्यसाहित्यम्

सुबन्धु

सुबन्धु संस्कृत साहित्य के एक अत्यन्त प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित गद्यकार हैं। वे अपनी अद्भुत लेखन शैली और श्लेषमयी भाषा के लिए जाने जाते हैं। सुबन्धु का निश्चित समय पूरी तरह स्पष्ट नहीं है, लेकिन विद्वानों के अनुसार वे छठी शताब्दी के उत्तरार्ध या सातवीं शताब्दी के आरंभ में हुए थे। वे महाकवि बाणभट्ट से कुछ समय पहले हुए थे, क्योंकि बाणभट्ट ने अपने प्रसिद्ध ग्रंथ 'हर्षचरितम्' की प्रस्तावना में सुबन्धु की रचना की बहुत प्रशंसा की है।

सुबन्धु की कीर्ति का मुख्य आधार उनकी एकमात्र उपलब्ध रचना है 'वासवदत्ता'। यह संस्कृत साहित्य की एक श्रेष्ठ 'कथा' (गद्य–काव्य) है।

सुबन्धु अपनी एक विशिष्ट लेखन शैली के लिए पूरे संस्कृत साहित्य में प्रसिद्ध हैं– 'प्रत्यक्षरश्लेषमयप्रबंधविन्यास' सुबन्धु ने स्वयं गर्व से कहा है कि उन्होंने अपनी इस रचना में ऐसे शब्दों का प्रयोग किया है जिसके हर अक्षर और शब्द के दो या दो से अधिक अर्थ निकलते हैं। इसे संस्कृत में 'श्लेष अलंकार' कहा जाता है। उनकी भाषा बहुत सघन, अलंकृत और कठिन है। वे लंबे–लंबे समासों और शब्दों के प्रयोग में सिद्धहस्त हैं।

बाणभट्ट

महाकवि बाणभट्ट संस्कृत साहित्य के सबसे महान और प्रसिद्ध गद्यकारों में से एक हैं। बाणभट्ट का जन्म सातवीं शताब्दी (7जी ब्मदजनतल) के प्रारम्भ में हुआ था। उनका जन्म भारत के बिहार राज्य में, सोन नदी के किनारे स्थित प्रीतिकूट नाम के एक गाँव में हुआ था। उनकी माता का नाम राजदेवी और पिता का नाम चित्रभानु था। यह राजा हर्षवर्धन के दरबार के मुख्य कवि (राजकवि) थे।

बाणभट्ट की संस्कृत में दो ही रचनाएँ मिलती हैं–

हर्षचरितम् – यह राजा हर्षवर्धन की जीवनी है, जो आठ उच्छ्वासों (अध्यायों) में रचित एक ऐतिहासिक आख्यायिका है। इसे पहला ऐतिहासिक ग्रंथ माना जाता है।

कादम्बरी– यह संस्कृत साहित्य का सर्वोत्कृष्ट कथा ग्रन्थ है। इसकी सुंदर और काल्पनिक कहानी है, जिसमें राजा शूद्रक, चन्द्रापीड और कादम्बरी नाम की एक राजकुमारी की अनोखी कथा है।

बाणभट्ट बहुत ही सुंदर और बड़े–बड़े वाक्यों का प्रयोग करते थे। वे किसी भी चीज का वर्णन इतने अच्छे से करते थे कि पढ़ने वाले की आँखों के सामने उसका चित्र बन जाता था। उनके बारे में संस्कृत में एक कहावत बहुत मशहूर है– 'बाणोच्छिष्टं जगत्सर्वम्'।

दण्डी

महाकवि दण्डी संस्कृत साहित्य के महान् कवियों और आचार्यों में से एक हैं। वे संस्कृत गद्य काव्य के स्तंभ माने जाते हैं और अपनी विशेष लेखन शैली के लिए प्रसिद्ध हैं। अधिकांश विद्वान उन्हें 7वीं शताब्दी के उत्तरार्ध और 8वीं शताब्दी के प्रारंभ का मानते हैं। वे दक्षिण भारत के रहने वाले थे। उनका संबंध कांची (वर्तमान तमिलनाडु) के पल्लव राजवंश के राजाओं के दरबार से था।

उनके पिता का नाम वीरदत्त और माता का नाम गौरी था।

दण्डी की तीन प्रसिद्ध कृतियाँ मानी जाती हैं–

- दशकुमारचरितम् यह उनका सबसे प्रसिद्ध गद्य–काव्य है। इसमें प्रेम, रोमांच और सत्ता की खोज में निकले दस राजकुमारों के अद्भुत साहसिक कार्यों और यात्राओं का रोचक वर्णन है।
- काव्यादर्श यह संस्कृत काव्यशास्त्र का एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण और प्रारंभिक व्यवस्थित ग्रंथ है। इसमें काव्य के लक्षण, भेद और अलंकारों का विस्तृत विवेचन किया गया है।
- अवन्तिसुन्दरी कथा यह भी उनकी एक प्रसिद्ध गद्य रचना है, जो अपूर्ण रूप में उपलब्ध है।

संस्कृत साहित्य में दंडी को उनकी भाषा की सुंदरता के लिए एक विशेष स्थान दिया गया है। उनकी भाषा बहुत ही मधुर, सरल और कर्णप्रिय है। वे बड़े–बड़े और कठिन शब्दों के स्थान पर छोटे और सुंदर शब्दों का प्रयोग करते हैं। उनके बारे में एक प्रसिद्ध सूक्ति है–'दण्डिनः पदलालित्यम्'।

अम्बिकादत्तव्यास

आधुनिक संस्कृत साहित्य में महाकवि पंडित अम्बिकादत्त व्यास का स्थान बहुत उच्च हैं। उन्हें संस्कृत का आधुनिक 'बाणभट्ट' भी कहा जाता है। उन्होंने प्राचीन संस्कृत भाषा को एक नया और आधुनिक रूप दिया। पंडित अम्बिकादत्त व्यास का जन्म 1858 ईस्वी (चैत्र शुक्ल अष्टमी) को हुआ था और उनका स्वर्गवास 1900 ईस्वी में हुआ। उनका जन्म जयपुर (राजस्थान) में हुआ था, लेकिन उनके पूर्वज बिहार के रहने वाले थे। बाद में उनका कार्यक्षेत्र मुख्य रूप से काशी (वाराणसी) रहा, जहाँ उन्होंने अध्यापन का कार्य किया।

संस्कृत साहित्य में पंडित अम्बिकादत्त व्यास की प्रसिद्ध रचना 'शिवराजविजयम्' है। इसे संस्कृत का पहला उपन्यास कहा जाता है।

इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, उनके शौर्य और मुगलों (अफजल खान और औरंगजेब) के खिलाफ उनके संघर्ष की बहुत ही रोमांचक कहानी है।

उनकी विद्वत्ता के लिए उन्हें कई बड़ी उपाधियाँ मिली थीं।

घटिकाशतक– वे एक घड़ी (24 मिनट) में 100 श्लोक बना लेते थे!

शतावधान– वे एक साथ 100 बातों या प्रश्नों पर ध्यान रख सकते थे और उनके जवाब दे सकते थे।

सुकवि– उनकी सुंदर कविताओं के कारण उन्हें 'सुकवि' भी कहा जाता था।

विष्णुशर्मा

पंडित विष्णु शर्मा संस्कृत भाषा के प्रकांड विद्वान्, नीतिशास्त्री और प्रसिद्ध कहानीकार थे। उन्होंने विश्व–प्रसिद्ध कथा ग्रंथ 'पंचतंत्र' की रचना की। ऐतिहासिक साक्ष्यों के अनुसार, विष्णु शर्मा का समय लगभग तीसरी से चौथी शताब्दी ईसा पूर्व माना जाता है। वे प्राचीन भारत के महिलाारोप्य नामक नगर राज्य के निवासी थे, जो दक्षिण भारत में स्थित था। 'पंचतंत्र' में उन्होंने पशु–पक्षियों की कहानियों के माध्यम से राजनीति, कूटनीति और व्यावहारिक ज्ञान को बेहद सरल और रोचक तरीके से दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। यह ग्रंथ पाँच मुख्य भागों (तंत्रों) में विभाजित है– मित्रभेद, मित्रलाभ, संधि–विग्रह, लब्धप्रणाश और अपरीक्षितकारक।

पंचतंत्र– दुनिया की सबसे अधिक पढ़ी जाने वाली और विभिन्न भाषाओं में अनूदित पुस्तकों में से एक है।

5.पद्यसाहित्यम्

भारवि

संस्कृत साहित्य में महाकवि भारवि का नाम अत्यधिक सम्मान से लिया जाता है। इन्होंने 'पञ्चमहाकाव्यों' में परिगणित 'किरातार्जुनीयम्' महाकाव्य की रचना की। महाकवि भारवि अपनी 'अर्थगौरव' (कम शब्दों में गहरा अर्थ कहना) के लिए विश्वविख्यात हैं– भारवेरर्थगौरवम्"। इनका वास्तविक नाम दामोदर माना जाता है। 'भारवि' उनकी उपाधि थी।

भारवि का समय छठी शताब्दी के उत्तरार्ध और सातवीं शताब्दी के प्रारंभ (550 ई. से 620 ई. के आसपास) माना जाता है। ऐहोल अभिलेख(634 ई.) में भारवि का नाम कालिदास के साथ लिया गया है। उस समय तक ये प्रसिद्ध कवि हो गए थे। अधिकांश विद्वानों के अनुसार इनका जन्म दक्षिण भारत में हुआ था।

भारवि की केवल एक ही रचना उपलब्ध होती है–किरातार्जुनीयम। यह 18 सर्गों का महाकाव्य है। इसमें पाण्डवों के वनवास के दौरान अर्जुन द्वारा भगवान् शिव की तपस्या और शिव (किरात वेशधारी) व अर्जुन के मध्य हुए युद्ध का वर्णन है। अंत में शिव प्रसन्न होकर अर्जुन को 'पाशुपत अस्त्र' प्रदान करते हैं। यह काव्य राजनीति और कूटनीति के सिद्धांतों से भरा हुआ है।

श्रीहर्ष

संस्कृत साहित्य के इतिहास में श्रीहर्ष 12वीं शताब्दी के एक अत्यंत प्रतिष्ठित कवि और दार्शनिक माने जाते हैं। इनके पिता का नाम श्रीहीर और माता का नाम मामल्लदेवी था। उनके पिता श्रीहीर भी एक विद्वान् कवि थे। वे कान्यकुब्ज (कन्नौज) के रहने वाले थे। ये कान्यकुब्जनरेश जय चन्द्र की सभा में रहते थे। श्रीहर्ष का काल 12वीं शताब्दी का उत्तरार्ध (लगभग 1150 ई. से 1200 ई.) माना जाता है।

श्रीहर्ष ने कई ग्रंथों की रचना की–

- नैषधीयचरितम् यह उनका सबसे प्रसिद्ध महाकाव्य है, जिसमें निषध देश के राजा नल और विदर्भ की राजकुमारी दमयन्ती की कथा का 22 सर्गों में वर्णन है।

- खण्डन–खण्ड–खाद्य – श्रीहर्ष केवल एक महान् कवि ही नहीं बल्कि एक उच्च कोटि के दार्शनिक भी थे। वे अद्वैत वेदांत के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने अपने दार्शनिक ग्रंथ 'खण्डन–खण्ड–खाद्य' में न्याय दर्शन के सिद्धांतों का तार्किक खंडन किया है।

उनकी रचनाओं के बारे में विद्वानों में यह कहावत प्रसिद्ध है– 'नैषधं विद्वदौषधम्' अर्थात् नैषधीयचरितम् विद्वानों के लिए औषधि के समान है, जो उनकी रचना की क्लिष्टता और गहराई को दर्शाती है।

भर्तृहरि

संस्कृत जगत् में एक उत्तम कवि और उद्भट व्याकरण होने का गौरव भर्तृहरि को प्राप्त है। भर्तृहरि का समय सातवीं शताब्दी माना जाता है।

भर्तृहरि मुख्य रूप से अपनी दो महान् कृतियों के लिए जाने जाते हैं।

शतकत्रय और वाक्यपदीय।

- शतकत्रय– यह मुक्तक काव्य का एक बेजोड़ उदाहरण हैं, जिनमें प्रत्येक में लगभग 100–100 श्लोक हैं।

1. नीतिशतक– इसमें राजनीति, नैतिकता, ज्ञान और मानवीय व्यवहार पर उपदेश दिए गए हैं।
2. श्रृंगारशतक– इसमें प्रेम, सौंदर्य और कामुकता का वर्णन है।
3. वैराग्यशतक–इसमें संसार के मोह को त्यागने और ईश्वर की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी गई है।

- वाक्यपदीयम् – यह व्याकरण शास्त्र का एक महान ग्रंथ है। इसमें उन्होंने शब्द और अर्थ के संबंध पर दार्शनिक विचार प्रस्तुत किए हैं और 'स्फोटवाद' का सिद्धांत दिया है।

भर्तृहरि संस्कृत में मुक्तक गीतिकाव्य की परम्परा के प्रवर्तक कवि हैं। भाषा की सरलता के कारण इनके भाव पाठकों पर सीधा प्रभाव डालते हैं। अनेक छन्दों में विषय को रोचक बनाकर अनुरूप उदाहरण देकर भर्तहरि श्रोता को तत्काल आकृष्ट कर लेते हैं।

माघ

महाकवि माघ संस्कृत साहित्य के एक महान् और अद्वितीय महाकवि हैं। उनका एकमात्र उपलब्ध महाकवि 'शिशुपालवधम्' है, जो अपनी अलंकारिक भाषा, शब्द–सौंदर्य और गहन पांडित्य के लिए संस्कृत साहित्य में अत्यंत प्रसिद्ध है।

माघ का जन्म लगभग ७वीं से ८वीं शताब्दी के मध्य (लगभग ६७५ ईस्वी) में राजस्थान के भीनमाल (श्रीमाल) नामक स्थान पर हुआ था। उनके पिता 'दत्तक' थे और दादा श्सुप्रभदेवश थे जो गुजरात के राजा वर्मालता के मंत्री थे।

महाकवि माघ की केवल एक ही रचना मिलती है, जिसका नाम है 'शिशुपालवधम्'। यह संस्कृत साहित्य के 'बृहत्त्रयी' (तीन सबसे बड़े और महान् महाकाव्यों) में से एक है। इसमें कुल 20 सर्ग और लगभग 1650 श्लोक हैं। इसकी कथा महाभारत से ली गई है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा चेदि नरेश शिशुपाल के वध (संहार) की कहानी को बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

संस्कृत साहित्य में एक बहुत ही प्रसिद्ध श्लोक है, जो माघ की महानता को बताता है–

'उपमा कालिदासस्य, भारवेरर्थगौरवम्।

दण्डिनः पदलालित्यं, माघे सन्ति त्रयो गुणाः।।

कालिदास अपनी 'उपमा' के लिए , भारवि अपने 'अर्थगौरव' के लिए, दण्डी अपने 'पदलालित्य' के लिए जाने जाते हैं। लेकिन महाकवि माघ में ये तीनों ही गुण एक साथ पाए जाते हैं।

महाकवि माघ को उनकी अद्भुत काव्य शैली, व्याकरण के सही प्रयोग और सुंदर वर्णन के कारण संस्कृत साहित्य जगत् में 'घंटा माघ' के नाम से भी जाना जाता है।

परिशिष्टम्

1.व्यावहारिकं संस्कृतम्

(क) संस्कृते कुटुम्बसंबन्धि–शब्दानां ज्ञानम्

यथा–
माता– **अम्बा, माता, जननी।**
बेटी– **सुता, पुत्री।**
बेटा–**पुत्रः, सुतः**
बहन–**भगिनी, स्वसा।**
छोटी बहन– **अनुजा।**
बड़ी बहन– **अग्रजा।**
भाई–**भ्राता, सहोदरः**
छोटा भाई–**अनुजः।**
बड़ा भाई **अग्रजः।**
पिता–**जनकः, पिता।**
चाचा–**पितृव्यः।**
चाची–**पितृव्या।**
ताऊ **ज्येष्ठपितृव्यः।**
ताई–**ज्येष्ठपितृव्या।**
मामा–**मातुलः।**
मामी–**मातुलानी।**

दादी– **पितामही।**
दादा–**पितामहः।**
नानी–**मातामही।**
नाना–**मातामहः।**
अभ्यासः–
संस्कारः– मम पितुः नाम श्रीमान् वेदप्रियः। भवत्याः पितुः नाम किम्?
वेदिका– मम पितुः नाम श्रीमान् ज्ञानेशः अस्ति।
संस्कारः– मम मातुः नाम श्रीमती श्रुतिप्रिया। भवत्याः मातुः नाम किम्?
वेदिका– मम मातुः नाम श्रीमती ज्ञानवती अस्ति।

(एवं हि निम्नलिखितानां सम्बन्धवाचिशब्दानाम् अभ्यासः करणीयः)

मम भ्रातुः नाम ....।
मम भगिन्याः नाम ....।
मम पितामहस्य नाम ....।
मम पितामह्याः नाम ....।
मम मातामहस्य नाम ....।
मम अग्रजस्य नाम.......................।
मम अनुजायाः नाम......................।
मम अग्रजायाः नाम........................।
मम अनुजस्य नाम.........................।
मम मित्रस्य नाम..............................।
मम नगरस्य नाम...............................।
मम विद्यालयस्य नाम.....................।
मम संस्कृत–शिक्षकस्य/शिक्षिकायाः नाम............।
मम पितृव्यस्य नाम........................।
मम मातुलस्य नाम...........................।

.............इत्यादयः।
(शिक्षकाः छात्रमाध्यमेन अस्य अभ्यासं कारयिष्यन्ति)

2 शब्दरूपाणां वाक्यप्रयोगः

1. रमया सह तस्याः सखी अपि गच्छति।

1. आम्रस्य वृक्षात् फलानि पतन्ति।
2. बालकः प्रातःकाले 'हरये नमः' इति वदति।
3. मानवानां मतिषु सत्प्रेरणाः भवेयुः।

4. नदीनां वारिभिः कृषकाः क्षेत्राणि सिंचन्ति।
5. यत्र भानोः प्रकाशः न भवति तत्र अन्धकारः भवति।
6. विवाहानन्तरं वधू स्वपतिगृहं गच्छति।
7. गोपालकः धेनुभ्यः हरितानि तृणानि आनयति।
8. पित्रा सह बालः प्रसन्नः भूत्वा गच्छतिं
9. राज्ञः कुमारः राजकुमारः इति नाम्ना ज्ञायते।
10. विदुषां संगतिः सौभाग्येन मिलति।
(इसी प्रकार अन्य शब्दों के वाक्यप्रयोगों का अभ्यास)

3 धातुरूपाणां वाक्यप्रयोगः

पठ् धातु परस्मैपदी लट् लकार (वर्तमान काल)

पुरुषः	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
प्रथम पुरुषः	बालः पठति	बालौ पठतः	बालाः पठन्ति
मध्यम पुरुषः	त्वम् पठसि	युवाम् पठथः	यूयम् पठथ
उत्तम पुरुषः	अहम् पठामि	आवाम् पठावः	वयम् पठामः

यच्छ् लट् लकार (वर्तमान काल)

पुरुषः	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
प्रथमपुरुषः	श्रेष्ठी दानं यच्छति	श्रेष्ठिनौ दानं यच्छतः	श्रेष्ठिनः दानं यच्छन्ति
मध्यमपुरुषः	त्वम् दानं यच्छसि	युवाम् दानं यच्छथः	यूयम् दानं यच्छथ
उत्तमपुरुषः	अहम् दानं यच्छामि	आवाम् दानं यच्छावः	वयम् दानं यच्छामः

लृट् लकारः (भविष्यत् काल)

पुरुषः	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
प्रथमपुरुषः	बालः पुस्तकं दास्यति	बालौ पुस्तके दास्यतः	बालाः पुस्तकानि दास्यन्ति
मध्यमपुरुषः	त्वम् पुस्तकं दास्यसि	युवाम् पुस्तकं दास्यथः	यूयम् पुस्तकं दास्यथ

उत्तमपुरुषः	अहम् पुस्तकं दास्यामि	आवाम् पुस्तकं दास्यावः	वयम् पुस्तकं दास्यामः

लङ् लकारः (अनद्यतन भूतकाल)

पुरुष	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
प्रथमपुरुषः	बालः लेखनीम् अयच्छत्	बालौ लेखनीम् अयच्छताम्	बालाः लेखनीम् अयच्छन्
मध्यमपुरुषः	त्वम् लेखनीम् अयच्छः	युवाम् लेखनीम् अयच्छतम्	यूयम् लेखनीम् अयच्छत
उत्तमपुरुषः	अहम् लेखनीम् अयच्छम्	आवाम् लेखनीम् अयच्छाव	वयम् लेखनीम् अयच्छाम

लोट् लकारः (आज्ञा–प्रार्थना)

पुरुषः	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
प्रथमपुरुषः	बालः फलं यच्छतु	बालौ फलं यच्छताम्	बालाः फलं यच्छन्तु
मध्यमपुरुषः	त्वम् फलं यच्छ	युवाम् फलं यच्छतमृ	यूयम् फलं यच्छत
उत्तमपुरुषः	अहम् फलं यच्छानि	आवाम् फलं यच्छाव	वयम् फलं यच्छाम

विधिलिङ् लकार (चाहिए के अर्थ में)

पुरुषः	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
प्रथमपुरुषः	बालः परीक्षां यच्छेत्	बालौ परीक्षां यच्छेताम्	बालाः परीक्षां यच्छेयुः
मध्यमपुरुषः	त्वम् परीक्षां यच्छेः	युवाम् परीक्षां यच्छेतम्	यूयम् परीक्षां यच्छेत
उत्तमपुरुषः	अहम् परीक्षां यच्छेयम्	आवाम् परीक्षां यच्छेव	वयम् परीक्षां यच्छेम

लभ् धातु आत्मनेपदी

लृट्लकारः (वर्तमान काल)

पुरुषः	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्

प्रथम पुरुष:	श्रमिकः मानदेयं लभते	श्रमिकौ मानदेयं लभेते	श्रमिकाः मानदेयं लभन्ते
मध्यम पुरुष:	त्वं मानदेयं लभसे	युवाम् मानदेयं लभेथे	यूयम् मानदेयं लभध्वे
उत्तम पुरुषः	अहं मानदेयं लभे	आवाम् मानदेयं लभावहे	वयम् मानदेयं लभामहे

(इसी प्रकार अन्य धातुओं के क्रियारूपों के वाक्यप्रयोगों का अभ्यास किया जा सकता है)

****